सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ।

वित्त समिति की 18वीं बैठक दिनाँक 21 अक्टूबर, 2023 का कार्यवृत्त

वित्त समिति की 18वीं बैठक दिनाँक 21 अक्टूबर, 2023 को पूर्वान्ह् 10.30 बजे कुलपति सभाकक्ष, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में सम्पन्न हुई।

वित्त समिति की बैठक में उपस्थिति निम्नवत् थीः—

1. डा0 के0के0 सिंह, कुलपति, — **अध्यक्ष**
2. श्री अतुल कुमार सिंह, अपर निदेशक पेंशन एवं कोषागार, मेरठ मण्डल, मेरठ (प्रमुख सचिव वित्त के प्रतिनिधि)। — **सदस्य**
3. डा0 ज्ञान प्रकाश वर्मा, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ मण्डल, मेरठ मेरठ मण्डल, मेरठ (प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा के प्रतिनिधि)। — **सदस्य**
4. श्री मनोहर सिंह तोमर, प्रगतिशील कृषक — **सदस्य**
5. श्रीमती लक्ष्मी मिश्रा, वित्त नियन्त्रक — **सदस्य सचिव**

सर्वप्रथम माननीय कुलपति एवं अध्यक्ष वित्त समिति द्वारा सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक प्रारम्भ करने की घोषणा की गयी।

लक्ष्मी मिश्रा
वित्त नियन्त्रक
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ—250110

प्रस्ताव संख्या 18.1: वित्त समिति की 17वीं बैठक दिनाँक 10 फरवरी, 2023 के कार्यवृत्त की पुष्टि।

दिनाँक 10 फरवरी, 2023 को सम्पन्न 17वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

प्रस्ताव संख्या 18.2: वित्त समिति की 17वीं बैठक दिनाँक 10 फरवरी, 2023 में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या।

वित्त समिति द्वारा 17वीं बैठक दिनांक 10 फरवरी, 2023 के निर्णयों की अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया।

(कार्रवाई: वित्त नियन्त्रक)

प्रस्ताव संख्या 18.3: विश्वविद्यालय में विभिन्न संकायों के वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा Innovative Research पर होने वाले व्यय को वहन करने हेतु शिक्षण मद से रू0 50.00 लाख मात्र प्रारम्भिक धन (Seed money) आरक्षित किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।

विश्वविद्यालय में विभिन्न संकायों के वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा Innovative Research पर होने वाले व्यय को वहन करने हेतु शिक्षण मद से रू0 50.00 लाख मात्र प्रारम्भिक धन (Seed money) आरक्षित करते हुए उपरोक्त के लिए दिशा–निर्देश (Guidline) भी तैयार किये जाने हेतु वित्त समिति के सदस्यों द्वारा मा0 प्रबन्ध परिषद से अनुमोदन हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।

(कार्रवाई: निदेशक शोध)

लक्ष्मी मिश्रा
वित्त नियन्त्रक
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

प्रस्ताव संख्या 18.4: विश्वविद्यालय के उपयोगार्थ एक बोलेरो एवं एक 32 सीटर बस क्रय करने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।

कृपया विश्वविद्यालय की वित्त समिति समिति की 12वीं बैठक दिनांक 26 मार्च, 2018 में बिन्दु संख्या–12.6 पर पुराने वाहन निष्प्रोज्य घोषित करते हुए कुल 03 वाहनों को क्रय करने हेतु प्रदान की गयी अनुमति के दृष्टिगत एवं वर्तमान में विश्वविद्यालय के उपयोगार्थ एवं विश्वविद्यालय के छात्र/छात्राओं के हितों को दृष्टिगत रखते हुए एक बोलेरो एवं एक 32 सीटर बस क्रय करने की स्वीकृति प्रदान करते हुए विश्वविद्यालय में पूर्व वाहन क्रय हेतु आवंटित बजट के अतिरिक्त रू0 2.84 लाख (अनुमानित) की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जिसपर क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ मण्डल, मेरठ द्वारा अवगत कराया गया कि 05 अक्टूबर, 2023 से वाहनों के दामों में वृद्धि हुई है, जिससे उपर्युक्त अनुमानित धनराशि में वृद्धि करते हुए रू0 5.00 लाख किया जाना उपयुक्त होगा, जिसपर वित्त समिति के समस्त सदस्यों द्वारा सर्वसम्मत्ति से मा0 प्रबन्ध परिषद से अनुमोदन हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।

(कार्रवाई: प्रभारी अधिकारी पूल (वाहन))

अन्त में सचिव वित्त समिति द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

21/10/23

(लक्ष्मी मिश्रा)
वित्त नियन्त्रक/सचिव, वित्त समिति

लक्ष्मी मिश्रा
वित्त नियन्त्रक
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

अनुमोदित

(डा0 के0के0 सिंह)
कुलपति/अध्यक्ष

Dr. K.K. SINGH
Vice-Chancellor
S.V.P.U.A.&T., Meerut